हिंदी–विभाग

राजकीय महाविद्यालय, चायल–कोटी

शिमला 171012

चायल-कोटी महाविद्यालय में हिंदी-विभाग की स्थापना, महाविद्यालय की स्थापना के साथ ही सन् 2014 में हुई है। विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति रूचि विकसित करना, भाषा के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान से समृद्ध करना तथा साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विकास में योगदान करना है। विभाग उच्च शिक्षा के मानकों के अनुरूप निरंतर शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता है।

- **संकाय सदस्य**

डॉ. बॉबिजा, सहायक प्रोफेसर, एम. ए., पी-एच.डी.

- **पाठ्यक्रम**

बी.ए. प्रथम वर्ष

1. प्रयोजनमूलक हिन्दी HIND101 (Core Course B.A./B.Com.)
2. हिंदी साहित्य का इतिहास HIND102 (Core Course, DSC-1A)
3. मध्यकालीन हिंदी कविता HIND103 (Core Course, DSC-1B)
4. हिंदी भाषा और संप्रेषण HIND104 (Ability Enhancement Compulsory Course, AECC-2)

बी.ए. द्वितीय वर्ष

1. अनिवार्य हिंदी 'रचना पुंज' HIND201 (Core Course B.A./B.Com.)
2. आधुनिक हिंदी कविता HIND202 (Core Course, DSC-1C)

3. हिंदी गद्य साहित्य HIND203 (Core Course, DSC-1D)
4. कार्यालयी हिंदी HIND204 (Skill Enhancement Course, SEC-1)
5. हिंदी भाषा शिक्षण HIND205 (Skill Enhancement Course, SEC-1)
6. अनुवाद विज्ञान HIND206 (Skill Enhancement Course, SEC-2)
7. संभाषण कला HIND207 (Skill Enhancement Course, SEC-2)

बी. ए. तृतीय वर्ष

1. रंग आलेख एवं रंगमंच HIND301 (Skill Enhancement Course, SEC-3)
2. भाषा कम्प्यूटिंग HIND302 (Skill Enhancement Course, SEC-3)
3. चलचित्र लेखन HIND303 (Skill Enhancement Course, SEC-4)
4. समाचार संकलन और लेखन HIND304 (Skill Enhancement Course, SEC-4)
5. लोक साहित्य HIND305 (Discipline Specific Elective, DSE-1A)
6. छायावादोत्तर हिंदी कविता HIND306 (Discipline Specific Elective, DSE-1B)
7. आधुनिक भारतीय साहित्य HIND307 (Generic Elective Course, GE-1)
8. सर्जनात्मक लेखन के विविध क्षेत्र HIND308 (Generic Elective Course, GE-2)

➢ विभागीय गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

- हिंदी-विभाग, चायल-कोटी महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति रूचि जाग्रत करने एवं उनके भीतर सर्जनात्मक प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से कहानी लेखन, निबंध लेखन, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताएँ समय-समय पर आयोजित करवाई जाती है।
- राष्ट्रीय स्तर पर 14 सितम्बर को आयोजित 'हिंदी दिवस' भी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं विभाग द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभागिता ज़िला स्तरीय भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं में सुनिश्चित की जाती है, साथ ही महाविद्यालय में भी निबंध लेखन, भाषण, कहानी लेखन, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं, इस कार्यक्रम में

न केवल हिंदी-विभाग, बल्कि पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया जाता है।

- हिंदी साहित्य को मुख्य विषय के रूप में पढ़ने वाली छात्रा रुचिका ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में, बी.ए. प्रथम वर्ष में पूरे महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है, यह इस विभाग की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।

➢ विभागीय सुविधाएँ

- महाविद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी-साहित्य एवं भाषा से संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण पुस्तकें, जैसे- इतिहास ग्रन्थ, आलोचनात्मक पुस्तकें, उपन्यास, कहानियाँ, कविता संग्रह, पाठ्यक्रम एवं, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें आदि उपलब्ध हैं।
- महाविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम एवं ऑडियो-विजुअल आदि सुविधाएँ उपलब्ध होने के कारण हिंदी-विभाग द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी की सहायता से भी पढ़ाया जाता है।

➢ भावी योजनाएँ

- नवाचार को बढ़ावा देना एवं नए रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम को बढ़ावा देना।

➢ विभाग का उद्देश्य

इस विभाग का उद्देश्य हिंदी-साहित्य के माध्यम से विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों का विकास करना है। सर्वविदित है कि साहित्य मनुष्यों को संवेदनशील बनाता है, इसीलिए हिंदी-विभाग भी निश्चय ही इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों में भाषा संवर्द्धन के साथ-साथ संचार कुशलता अंतर्निविष्ट करना भी इस विभाग का उद्देश्य है।

- **संपर्क विवरण**

विभागाध्यक्ष

हिंदी विभाग

राजकीय महाविद्यालय

चायल-कोटी

ई-मेल : sharmabobija@gmail.com

फोन : 62390-07461